सार-समाचार

सांगड थानेदार ने विश्नोई ने कार्य संभाला

जैसलमेर, (नि.सं.)। सांगड पुलिस थाने के नवनियुक्त थाना अधिकारी राजेश कुमार विश्नोई ने पदभार ठाहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने सभी चौकी प्रभारियों और बीट अधिकारियों की एक विशेष बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करने और आपराधिक घटनाओं पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। थाना अधिकारी विश्नोई ने सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाने के आदेश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने आम जनता के सहयोग से गांवों में पहरा लगाने के लिए भी हिदायतें दीं। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी गांव में चोरी की घटना न हो, इसके लिए चौकी प्रभारी और बीट अधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करें और ग्रामीणों को पहरा लगाने के लिए प्रेरित करें। विश्नोई ने स्पष्ट किया कि जिला पुलिस कप्तान के सख्त आदेश हैं कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नशे की तस्करी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हम सबका दायित्व है कि नशे के बचाव को लेकर समय-समय पर विशेष सभाएं आयोजित की जाएं। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को इस सामाजिक बुराई से बचाना और नशे में संलिप्त युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है।

'मतदाता बीएलओ का सहयोग करें'

गुड़ामालानी, (निसं)। गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र सहित जिले में निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित विशेष मिशन गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 एक जन अभियान का रुप ले चुका है । बुथ लेवल के अधिकारी मतदाताओं के घर-घर ढाणी ढाणी जाकर गणना प्रपत्रों को भरने का कार्य कर रहे हैं । बीएलओ शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने एवं विभाग के निदेशों की पालना करते हुए अपने कार्य को पूरा करने में लगे। जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले भर में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान में बुथ लेवल अधिकारियों को मतदाताओं के घर जाकर गणना प्रपत्र का पुरे तरीके से संकलित कर मतदाता का सत्यापन कर रहे हैं। ऐसे में बुथ लेवल अधिकारियों को बहुत बडी परेशानियों का भी सामना करना पड रहा है। लेकिन बुथ लेवल अधिकारी लम्बी दूरी तय कर मतदाता के घर या ढाणी जाते है, तो मतदाता के दस्तावेज को लेकर मतदाताओं से बात करने पर मतदाता के पास ना फोटो होता ना आधार कार्ड अब बुथ लेवल अधिकारी घण्टों इंतजार करता या फिर दुसरे दिन उसी ढाणी में वापस जाकर कार्य को पुरा करना पडता है। ऐसे सभी मतदाताओं को जागरूक होने के साथ शिक्षित वर्ग के युवाओं को आगे आकर अपने अपने परिवार के मतदाताओं के सत्यापन दस्तावेज तैयार कर बुथ लेवल अधिकारियों का सहयोग करें। जिससे शत प्रतिशत निर्वाचन विभाग का कार्य पुरा होने के साथ किसी मतदाता को मत करने का अधिकार मिले ओर कोई भी मतदाता मतदान करने में वंचित नहीं रहे ।

जालोर में 974722 गणना प्रपत्र डिजीटाइज

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में कुल 974722 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 158851 जालोर विधानसभा में 182481, भीनमाल विधानसभा में 235245, सांचैर विधानसभा में 236152 व रानीवा?ा विधानसभा में 161993 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। विधानसभा क्षैत्र सांचौर (144) के भाग संख्या 34 (मतदान केन्द्र का नाम- रा.उ.प्रा.वि. रिको) के बीएलओ विनोद शर्मा द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के पर प्रमोद कुमार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सांचौर ने प्रशस्ति-पत्र , माला एवं साफे द्वारा सम्मानित किया।

बजरी डंपर की चपेट से एक घायल

रेवदर , (निसं)। मंडार कस्बे के मुख्य हाइवे पर बुरहानी प्लाजा के सामने बजरी भरे डंपर की चपेट में आने से एक बाइक घायल हो गया, पीछे बैठे व्यक्ति को मामूली खरोंच आई। डंपर की चपेट में आने से कांतिलाल मोतीराम चौधरी निवासी भाडोत्रा गुजरात के बाएं हाथ में गंभीर चोट आने पर वहां से गुजर रहे समाजसेवी अजय टांक अपनी एक्टिवा पर सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां पर डॉक्टर बाबूलाल एवं दिलीप सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया एवं घायल को एंबुलेंस की सहायता से पालनपुर रेफर किया गया। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल कांतिलाल मय जाब्ता अस्पताल पहुंचे। अब यह हाईवे पैदल राहगीरो एवं दुपहिया वाहन चालको के लिए खतरे से खाली नहीं है। आपको याद होगा कि जयपुर में एक ऐसे ही बजरी भरे डंपर ने कई मासूम लोगों की जान ली थी।

शिशुपाल निंबाड़ा पाली कांग्रेस जिलाध्यक्ष

पाली, (नि.सं.)। कांग्रेस की 45 जिलों में जिला अध्यक्षों की घोषणा में पाली जिला कांग्रेस के लिए शिशुपाल सिंह निंबाड़ा को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। इनकी घोषणा पर जिले पर से कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी। शिशुपाल पूर्व में राष्ट्रीय बाल श्रम उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। पिछले 2 साल से हुए जिले में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। , शिशुपाल पूर्व में राष्ट्रीय बाल श्रम उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं, वह एक बार विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

जोगाराम पटेल ने जोधपुर सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को सर्किट हाऊस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा भी साथ रहे।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पंचायती राज और नगरीय निकायों का परिसीमन जन-भावनाओं के अनुरूप संपादित किया गया है। उन्होंने कहा शासन और प्रशासन की बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की भावना को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया स्थानीय आवश्यकताओं, भौगोलिक परिस्थितियों और क्षेत्रीय विषमताओं को ध्यान में रखकर पूरी की गई है। उन्होंने कहा परिसीमन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार स्थानीय विकास की इकाइयों के पुनर्गठन हो, जिससे आमजन से जुड़े कार्य घर के निकट आसानी से संपादित किए जाएं। उन्होंने कहा छोटी पंचायतों से योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से होगा।

पटेल ने कहा कि आमजन की राय, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव और स्थानीय परिस्थितियों का व्यापक आकलन कर नई सीमाओं के निर्धारण किया गया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा यह कदम राजस्थान के समठा विकास को नई दिशा देगा और जनता के विश्वास और अधिक सुदृढ़ करेगा।

विधानसभा क्षेत्र लूणी में 41 नवीन ग्राम पंचायतों का गठन किया गया है। वहीं झंवर नवीन पंचायत समिति का गठन किया गया है, जिसका मुख्यालय पाल रोड़ रहेगा।

पटेल ने कहा प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही जन कल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इन प्रयासों में कहीं कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा बुनियादी लोक सेवाओं तथा जन सुविधाओं की नियमित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोच्च दायित्व है जिसे उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना चाहिए ताकि सुशासन के संकल्पों को साकार किया जा सके।

इस दौरान रावतराम बिंजारिया, गोविंद टाक, राकेश बिश्नोई, दिनेश राजपुरोहित, महेंद्र सिंह बेरू, सुमेर सिंह राजपुरोहित, सिकंदर बक्श, भल्लाराम पटेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जालोर में नेत्र चिकित्सा शिविर में 301 जनों की आखों की जांच हुई

जालोर, (कासं)। लॉयन्स क्लब, जालोर के तत्वावधान में निशुल्क नैत्र जाँच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर रविवार को श्री सोहनराजजी कल्याणमलजी बोहरा की 27 वी पुण्यतिथि के उपलक्ष में श्री अदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल एवं ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र, जालोर के सहयोग से श्री राजेन्द्र सूरी जैन दादावादी में लगाया गया।

इस शिविर में 301 मरीजों की निशुल्क आखों की जांच कर दवाईयां दी गई तथा चयनित 102 मरीजों को ऑपरेशन हेतु श्री आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल ले जाकर निशुल्क मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किया गया। सभी ऑपरेशन वाले मरीजों का अत्याधुनिक पद्धति से ऑपरेशन कर नि:शुल्क लैस प्रत्यारोपण कर दवाईयां, काला चश्मा दिया जायेंगा।

इस अवसर पर केम्प संयोजक कालराज मेहता पूर्व अध्यक्ष रमेश बोहरा,दीपेश सिद्धावत, डा. एस. पी. शर्मा, राजेन्द्र गूतडा, नथमल बजाज, संजय जैङ्गलिया, कमल मूरडा राजेन्द्र गुप्ता, रमेशजैन, राजेन्द्र जैन, किशन माहेश्वरी पुष्पराज बोहरा, रसीदखान, भूराराम गर्ग, ग्लोबल अस्पाल के धनेश्वर डेका व उनकी टीम ने इस केम्प में अपनी सेतारों दी। सभी मरीजों का ऑपरेशन फैको सर्जन राजेश विश्नोई द्वारा किया जायेगा।

डॉ. जाणी ने बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई

जालोर, (कासं)। जिले में रविवार उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने सांचौर पोलियो बूथ संख्या 23 पर एवं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार बाजिया ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र जालोर पहुंचकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

सीएमएचओ डॉ. जाणी ने बताया कि पोलियो मुक्त भारत को बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। अभियान के तहत जिलेभर में जगह जगह स्थायी बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां सुबह से ही बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का क्रम जारी रहा।

सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी ने कहा कि जिले की पूरी स्वास्थ्य टीम मिशन मोड में कार्य कर रही है और आने वाले दिनों में भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार बाजिया ने बताया कि रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बूथ स्तर दवा पिलाने का कार्य कर रही हैं, जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए, आगामी 2 दिनों में टीमें घर घर जाकर, ढाणियों, निर्माण स्थलों और खानाबदोश परिवारों के बीच जाकर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अभियान के दौरान अपने आस-पास के प्रत्येक बच्चे को पोलियो वैक्सीन की खुराक अवश्य पिलाएं।

पोकरण संवाददाता के अनुसार : राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पोकरण में शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई गई। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित एवं पंचायत समिति सांकडा प्रधान भगवत सिंह तंवर ने नवजात शिशु को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के पहले ही दिन बडी संख्या में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से माता-पिता से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो खुराक दिलवाएँ, ताकि देश पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त बन सके।

कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. परमेश्वर चौधरी, डॉ. तुलसाराम, नर्सिंग अधिकारी सत्य नारायण चावला सहित मेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे। स

वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर पहुंचकर भी बच्चों को दवा पिलाने का अभियान शुरू किया और लोगों को पोलियो उन्मूलन के महत्व के बारे में जागरूक किया।

बी.एल.ओ. का सम्मान हुआ

पाली, (नि.सं.)। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में वार्ड 30 में बीएलओ द्वारा 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं के गणना पत्र भरवाने तथा समय पर डिजिटेलेशन करवाने के कार्य को देखते हुए वार्ड के पूर्व पार्षद मोहसिन खत्री के नेतृत्व में सुपरवाइजर नरपतसिंह राजपुरोहित, बीएलओ अशोक चौधरी, गौतम जोशी, अमृत जीनगर, राजेंद्रसिंह का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत कर हौसला-अफ़ज़ाई की।

पूर्व मनोनीत पार्षद आमीन अली रंगरेज ने कहा कि मतदाता सूची को सटीक व अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चल रहे इस अभियान में सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आप भी अपना गणना पत्र अवश्य भरें और बीएलओ को जमा करें।

इस अवसर पर मुस्ताक गोरी, जावेद गौरी, इरफान अंसारी, असगर खत्री, सुब्हान अंसारी, गुल्लू भाई, आसिफ मेवाफरोश, अय्यूब रंगरेज, यूट्ययूबर इरफान हैरी, साहिल मोम सहित दर्जनों वार्डवासी मौजूद रहे।

सोनार दुर्ग के चारों तरफ रिंग रोड पर 26 से चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध

जैसलमेर, (नि.सं.)। उपखण्ड अधिकारी सयम गोयल द्वारा आदेश जारी कर 26 नवंबर से सोनार दुर्ग के चारों तरफ रिंग रोड़ पर प्रात: 8 से सायं 3 बजे तक चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध होगा।

उक्त अवधि के दौरान यदि कोई चौपाहिया वाहन उक्त रिंग रोड़ पर आता है, तो पुलिस द्वारा उक्त वाहन को जब्त कर चालान किया जायेगा। यदि प्रात: 8 बजे के पश्चात कोई चौपहिया वाहन रिंग रोड़ पर खड़ा पाया जाता है तो उसे पुलिस द्वारा उठाकर करके ले जाया जायेगा। उक्त अवधि के दौरान तिपहिया वाहन ऑटो, दुपहिया वाहन प्रवेश कर सकेंगे। दुर्गवासियों के वाहनों का सत्यापन पश्चात् प्रवेश पुलिस द्वारा दिया जायेगा। दुर्गवासियों के चौपहिया वाहनों की पार्किंग पूर्व की भांति अखे प्रोल के अंदर रहेगी।

चूंकि वर्तमान में राजस्थान राज्य पथपरिवहन निगम द्वारा संचालित बस स्टेंड नीरज बस स्टैंड स्थान परिवर्तित कर बाड़मेर रोड पर रोडवेज आगार के पास स्थापित कर दिया गया है।

अत: नगर परिषद जैसलमेर द्वारा सोनार दुर्ग के रिंग रोड़ पर संचालित पार्किंग ठेका को नीरज बस स्टेंड में स्थानांतरित किया गया है। पर्यटन सीजन में सोनार दुर्ग के चारों तरफ रिंग रोड पर वाहनों की अत्यधिक संख्या होने से जहां सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, वही पर्यटकों के आवागमन में दुविधा रहती है।

इस संबंध में शनिवार 22 नवम्बर को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सोनार दुर्ग के चारों तरफ चौपहिया वाहनों के आवागमन को दिन में निर्धारित अवधि तक प्रवेश निषेध करने का निर्णय लिया गया है, ताकि यातायात सुगम होने से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा, वही पर्यटकों का आवागमन सुगम होगा।

शिशुओं को पोलियो रोधी दवा पिलाई

जैसलमेर, (नि.सं.)। उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अंतर्गत रविवार को श्री जवाहिर चिकित्सालय में स्थापित पोलियो बूथ पर विधायक जैसलमेर छोटूसिंह भाटी व अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसाराम द्वारा पोलियो बूथ पर उपस्थित बच्चों को पोलियो की दवा पिला कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

विधायक भाटी द्वारा सभी अभिभावकों को अपने 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की गई, कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवींद्र सांखला, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निखिल शर्मा, डॉ भवानी शंकर ने भी उपस्थित बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई तथा हर अभिभावक को अपने बच्चो को पोलियो ग्रसित न हो, इसके लिए पोलियो दवा पिलाने के महत्व के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर रोटरी क्लब स्वर्ण नगरी के अध्यक्ष पंकज खत्री ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई । इस अवसर पर डॉ पल्लवी राव, डीपीओ विजय सिंह, उमेश आचार्य , नर्सिंग अधीक्षक सुशील कुमार भाटिया, नर्सिंग अधिकारी दीपाराम व चिकित्सा विभाग के कार्मिक भी उपस्थित थे।

पाली संवाददाता के अनुसार : पाली जिले में पल्स पोलियो अभियान का आगाज रविवार को हुआ। जिला स्तरीय समारोह में हाउसिंग बोर्ड शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरसीएचओ डॉ विजेंद्र पाल सिंह चुंडावत व डिप्टी सीएमएचओ डॉ वेदांत गर्ग ने नौनिहालों को दो बूंद जिन्दगी की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर हाउसिंग बोर्ड डिस्पेंसरी के प्रभारी डॉ विकास अरोड़ा, यूपीएम जितेंद्र परमार, आशा समन्वयक कुलदीप गोस्वामी, एएनएम शोभा व्यास, प्रमिला सेन, कौशल्या, नर्सिंग ऑफिसर भावेश जोशी, लैब असिस्टेंट पूरन सिंह, फार्मासिस्ट मोहसिन खान, आशा सहयोगिनी जयश्री, अली शेर, धर्मेंद्र सिंह, सीमा देवी आदि उपस्थित रहे।

अमरदीन के समर्थकों में खुशी

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के लिए कांग्रेस हाईकमान ने अमरदीन फकीर को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

अमरदीन पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद के छोटे भाई हैं। वे मुस्लिम धर्मगुरु स्वर्गीय गाजी फकीर के बेटे हैं और लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जैसे ही शनिवार शाम जिलाध्यक्ष के नामों की घोषणा हुई ,उसके बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

सभी ने ढिब्बा पाड़ा स्थित उनके निवास के आगे पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। अमरदीन फकीर इससे पहले पंचायत समिति जैसलमेर के प्रधान रह चुके हैं और संगठन में कार्यकारी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार उनकी नियुक्ति संगठन में संतुलन और व्यापक सामाजिक प्रतिनिधित्व के तहत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

प्रदेश नेतृत्व को उम्मीद है कि अमरदीन फकीर के नेतृत्व में क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत होगी और आगामी चुनावों में कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सकेगा।

नोख को पंचायत समिति बनने की आस टूटी

पोकरण, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र में निवास करने वाली ग्राम पंचायत जैसलमेर जिले व पोकरण विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित सीमा क्षेत्र नोख वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर रहा है। कभी जैसलमेर जिले से 220 किलोमीटर दूर होने के कारण उपेक्षा झेलने वाले नोख के ग्रामीणों ने हाल ही में क्षेत्र के फलोदी जिले में शामिल होने के बाद पंचायत समिति बनने की उम्मीद पाली थी, लेकिन पंचायत समिति की घोषणा में एक बार फिर नोख का नाम न होने से निराशा और रोष व्याप्त है।

पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों द्वारा दो बार पंचायत समिति बनाने के सपने दिखाए गए, लेकिन दोनों बार वादा अधूरा ही रह गया। लोगों का कहना है कि आसमान से गिरे, खजूर में अटके जैसी स्थिति बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार नोख आजादी के समय की उप तहसील रही है, लेकिन सबसे अंतिम छोर पर बसे होने के कारण इस क्षेत्र की कभी क्रमोन्नति नहीं हो सकी।

अब फलोदी जिले में शामिल होने के बाद नोख भौगोलिक रूप से क्षेत्र का केन्द्र बिंदु है और यहा उप तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, सभी श्रेणी के अस्पताल,डाकघर सरकारी व निजी विद्यालय ,बैंक व यातायात व्यवस्था सहित लगभग सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद पंचायत समिति की घोषणा में नोख की अनदेखी ग्रामीणों को चुभ रही है।

पिछली कांग्रेस सरकार तथा मौजूदा भाजपा सरकार-दोनों ही शासनकाल में बडे पैमाने पर पंचायत समितियों का गठन हुआ, लेकिन नोख को दोनों ही सरकारों ने अनदेखा कर दिया। स्थानीय लोग इसे जनप्रतिनिधियों की विफलता और उदासीनता मान रहे हैं। पंचायत समिति की घोषणा से नाम गायब होने पर सोशल मीडिया पर भारी नाराजगी देखी गई और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि चुनाव से पहले घोषणा नहीं हुई, तो चुनाव बहिष्कार किया जाएगा।

कई महीनों से आशा लगाए बैठे हजारों ग्रामीणों को आज सरकार की घोषणा से गहरा आघात लगा है। यदि पंचायत समिति नहीं बनाई गई तो जनता आंदोलन को बाध्य होगी। नोख व आसपास की ग्राम पंचायतों-नोख, मदासर, शक्ति नगर, टावरीवाला, तालरिया, बोडाना, जाजुवाला, पन्ना, खारा सहित नौ ग्राम पंचायतों में लगभग 20 हजार मतदाता हैं। यह क्षेत्र राजपूत व बिश्नोई बहुल, कृषि प्रधान तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र होने के कारण हमेशा भाजपा को अत्यधिक समर्थन देता रहा है, लेकिन अब भाजपा को इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम झेलने पड सकते हैं।

न्यायालय :- जिला न्यायाधीश, जालोर (राज.)
बइजलास :- श्री हारुन " आर. जे.एस "(जिला जज संवर्ग)
दी.वि. प्रकरण संख्या :- 17/2025
तारीख पेशी :- 04.12.2025
नुर्जा बानू उर्फ सुखा पत्नि चांदखांजी, उम्र 55 वर्ष, निवासी मेणो का वास बाला, तहसील भाद्राजून, जिला जालोर मो. 7425858540
..... प्रार्थीया

बनाम

1. खैरुनिशा पुत्री चांदखाजी पत्नि सलीम अहमद, निवासा बाला हाल 1/36, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, टेली फोन ऑफिस के सामने वाली गली सुमेरपुर, तहसील सुमेरपुर, जिला पाली (राजस्थान)मो. 9001234808
2. मुस्ताक खान पुत्र चांदखाजी
3. रज्जाक खान पुत्र चांदखाजी,
4. सदाम हुसैन पुत्र चांदखाजी, निवासीगण मीणो का वास बाला, तहसील भाद्राजून, जिला जालोर (राजस्थान)
5. हर आम व खास ।

..... अप्रार्थीगण

प्रार्थना प्रत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम

हर आम व खास को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया की प्रार्थीया के पति स्व. चांद खान पुत्र गफूर खान निवासी बाला, तहसील भाद्राजून, जिला जालोर के नाम से एस.बी. आई. जनरल इंश्योरेंस लि. से एक बीमा पॉलिसी नं. 2535 9853 सर्टिफिकेट / जर्नल नं. 139610049 भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामा के बचत खाता सं. 61166055616 से अदा कर 4,00,000/- रुपये की बीमा पॉलिसी को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी नुर्जा बानू उर्फ सुखा बानू वारिसान होने से प्रार्थीया नुर्जा बानू उर्फ सुखा बानू के नाम से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र पेश किया अत: इस संबध में जिस किसी व्यक्ति को उजर / ऐतराज हो तो असालतन / वकालतन न्यायालय में आगामी तरीख पेशी 04.12.2025 को पेश करे, अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा । नोटिस आज दिनांक 11.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया

मोहर

वरिष्ठ मुंसरिम
जिला न्यायालय, जालोर

सम्मान किया

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर ने पोलियो पल्स प्रतिरक्षण प्रकल्प के तहत रविवार को विशेष सेवा अभियान आयोजित किया।

जालोर क्षेत्र के 44 बूथों पर तैनात 176 नर्सिंग स्टाफ को सम्मान स्वरूप फूड पैकेट वितरित किए गए। वहीं बूथों पर दवाई पीने वाले बच्चों के लिए चॉकलेट वितरण की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में बडी संख्या में रोटेरियन्स की सक्रिय भागीदारी रही। प्रमुख रूप से रोटेरियन मोहन पारासर, कानाराम परमार, तरुण सिद्धावत, पवन ओझा, सपना बजाज, नीरा माथुर , रमजान खान, क्लब अध्यक्ष विनीता ओझा, सचिव मंजू चौधरी,दीपक सुथार, ओम प्रकाश चौधरी और शीला चौधरी सहित अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

उमराह जाने से पूर्व स्वागत

गुड़ामालानी, (कासं)। 30 नवंबर को मक्का मदीना सऊदी अरब उमराह हज यात्रा करने जा रही बाड़मेर निवासी हमीदा बानो पत्नी उर्स खान मिरासी के पीहर गुड़ामालानी आने पर परिवार लाखोडी डुगीया मिरासी परिवार सहित मिरासी समाज अध्यक्ष सुमार खान ने फुल मालाओं एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर सफल यात्रा की कामना की।

अनवर खान,कालू खान,सतार खान, अहमद खान सहित आस पास कि पड़ोसी महिलाएं भी साथ रही।

मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : शकील परवेज

जालोर, (कासं)। ह्यूमन राइटर्स जस्टिस एसोसिएशन जालोर, राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ व राजस्थान मदरसा बोर्ड संघर्ष समिति, जालोर एवं निजी बस आपरेटर एसोसिएशन के कार्यालय का उदघाटन मौलाना अब्दुल कलाम आजाद विश्वविधालय जोधपुर के सीईओ शकील परवेज ने किया।

ह्यूमन राइटर्स जस्टिस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुबारक खान खोखर ने बताया कि एसोसिएशन के बैनर तले पीडित, मजबूर, कमजोर, गरीबों वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ न्याय दिलवाने में अहम भूमिका निभायेगे। मुस्लिम वक्फ बोर्ड की संपत्ति ओर मदरसा बोर्ड की संपत्तियों के हित में निष्पक्ष कार्य किया जायेगा। वक्फ संपत्ति की सुरक्षा ओर उनके लिए हक की ओर न्याय की आवाज उठाई जाएगी और मदरसा बोर्ड के माध्यम से मदरसो का विकास किया जायेगा। वही निजी प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसियेशन के तहत निजी बस के सुचारू संचालन को लेकर यूनियन तहत संगठित होकर उनके हक के लिए कार्य करना पहली प्राथमिकता रहेगी। कार्यालय का उदघाटन मौलाना अब्दुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी जोधपुर के सीईओ शकील परवेज ने फीता काटकर किया। इस दौरान शकील परवेज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस नेक कार्य के लिए हम सब को आगे आना चाहिए। गरीब व पीडित वर्ग को न्याय दिलाने के साथ वक्फ सम्पति को बचाने एवं मदरसो के विकास को लेकर जो बीडा उठाया गया है। उसके लिए जिलाध्यक्ष मुबारक खा को बधाई देता हूँ उन्होने कहा कि मानव सेवा से बढकर कोई सेवा नही है। इससे सभी को बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए।

किशोर न्याय बोर्ड सदस्य नजमुन निशा खोखर, निजी बस आपरेटर एसोसिएशन अध्यक्ष अनोप पूरी गोस्वामी, महासचिव अध्यक्ष, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रमजान खान, नूर मोहमद , दिलीप सिंह, रहमत खा खोखर, शाकिर खा खलीफा, शहर काजी दिलदार मियां, युनुस खान मंडोरी, अयुब खा चूडीघर, हीरा चंद जीनगर सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)
अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड जालोर (राज.) पिन नं. 343001
Tel. (02973)222270 E-mail: mbjalore24@yahoo.in
क्रमांक: नपजा/भूमिशाखा/2025/5739 दिनांक: 20.11.2025

-:: आपत्ति आमंत्रण सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है । कि नगर परिषद् क्षैत्र जालोर के 69 ए के पट्टे के बदले पट्टा व खांचा भूमि के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है । इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना - पत्र साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर -भीतर नगर परिषद् कार्यालय को प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एंव आवेदको के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी ।

क्र. सं.	प्रकरण संख्या	आवेदक का नाम/पता व भूखण्ड का पता	अडौस-पडौस व चतुर्थदर्शी	भूखण्ड का क्षैत्रफल (वर्गगज)	प्रयोजन का प्रकार
1	106/2025-26	उषा देवी पत्नी प्रकाशचन्द/गर्वमेन्ट गर्ल्स स्कुल के सामने, प्रताप चौक जालोर ।	उत्तर- मोहनजी माली का मकान । दक्षिण- कांतिलाल जी सोनी का मकान पूर्व- बाबुलाल जी माली का मकान । पश्चिम- रास्ता	48.88	मिश्रीत
2	107/2025-26	प्रकाशचन्द पुत्र दरगाजी सोनी / तिलक द्वार के अन्दर सरदार पटेल मार्ग, जालोर	उत्तर- रास्ता । दक्षिण - जीतेन्द्र जी माली का मकान । पूर्व- अरविन्द, भावेश सोनी का मकान । पश्चिम- रास्ता ।	67.10	मिश्रीत
3	108/2025-26	उष